इंद्रधनुष बनाओ

तुमने आकाश में इंद्रधनुष तो जरूर देखा होगा। क्यों न आज इसे घर पर बनाने की कोशिश करें।

चौड़े मुंह वाली एक कटोरी पानी से लगभग पूरी भर लो। इस कटोरी के किनारे पर एक शीशा (दर्पण) इस प्रकार तिरछा करके टिकाओ कि इसकी चमकीली सतह ऊपर की ओर हो।



अब कटोरी को ऐसी जगह रखो जहां सूर्य की किरणें इस दर्पण पर पड़ें। इससे बनने वाले प्रतिबिंब को दूर दीवार पर या अपनी कॉपी पर ध्यान से देखो। यदि प्रतिबिंब साफ न दिखे तो दर्पण थोड़ा ऊपर या नीचे खिसकाओ।

क्या तुम्हें इंद्रधनुष जैसे रंग दिखे? सूर्य के प्रकाश से बने रंगों के इस क्रम को वर्णक्रम कहते हैं।